## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07 दिसंबर 2024 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रयागराज दौरा आज। महाकुंभ की तैयारियों और प्रधानमंत्री के हाथों लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं की करेंगे समीक्षा।
- रोजगार सृजन की सम्भावनायें तलाशने के लिये प्रदेश सरकार ने गठित की तीन सदस्यीय समिति। मुख्यमंत्री ने कहा– युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
- राज्य के सभी सरकारी विभागों, निगमों और स्थानीय प्राधिकरणों में अगले छः माह तक हड़ताल पर रोक।
- प्रदेश के चार जिलों मथुरा, कन्नौज, कानपुर और गोरखपुर में खोले जायेंगे नये दुग्ध उत्पादन केन्द्र।
- देश में खुलेंगे पचासी नये केन्द्रीय विद्यालय। केन्द्र सरकार के फैसले से प्रदेश के महराजगंज जिले को भी मिली सौगात।

**********

तेरह दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित आगमन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रयागराज पहुंचकर महाकुंभ दो हजार पचीस और प्रधानमंत्री के हाथों लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री आज कई परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही महाकुंभ को लेकर साधु–संतों के साथ भी विमर्श करेंगे। केन्द्रीय उड्डयन राज्य मंत्री और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया के चेयरमैन राम मोहन नायडू किंजरापु भी आज महाकुंभ को लेकर कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा करेंगे। जबकि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कल प्रयागराज आकर प्रधानमंत्री के हाथों लोकार्पित होने वाली रेल परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दौरे पर प्रयागराज और वाराणसी के बीच के रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजना का भी शुभारंभ करेंगे। महाकुम्भ के दौरान इस ट्रैक से ट्रेनों का परिचालन शुरू हो जाएगा।

उधर, प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर प्रयागराज प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रधानमंत्री के आगमन और उसके पहले मुख्यमंत्री द्वारा आज की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा पर एक रिपोर्ट–

***प्रयागराज त्रिवेणीसंगम तट पर जनवरी माह से शुरू होने जा रहे महाकुंभ के लिए गंगा पूजन और करोड़ों की परियोजनाओं के लोकार्पण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई। इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 07 दिसंबर को प्रयागराज पहुंच रहे है। एक दिवसीय दौरे के अंतर्गत मुख्यमंत्री महाकुंभ क्षेत्र में चल रहे कार्य हनुमान मंदिर कारीडोर अलोपीबाग फ्लाई ओवर गंगा रिवर फ्रंट सहित शहर के प्रमुख मंदिरों में चल रहे कारीडोर निर्माण का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा प्रयागराज मेला प्राधिकरण कार्यालय मेला अधिकारी और सुरक्षा अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर चल रही तैयारी और कुंभ मेला कार्यों की प्रगति समीक्षा करेंगे। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।***

**********

प्रयागराज महाकुंभ दो हजार पच्चीस में देश के सभी हिस्सो के लोगों को निमंत्रित करने के लिये प्रदेश सरकार की तरफ से विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में कल उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने हैदराबाद में रोड–शो का नेतृत्व किया और तेलंगाना के लोगों को महाकुंभ में आने का आमंत्रण दिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर कल देर शाम वाराणसी पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस सभागार में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ विकास कार्यो और कानून व्यवस्था के समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागिय अधिकारी प्रतिदिन एक घंटे जनशिकायतो का निस्तारण जरूर करें। अभियान चलाकर राजस्व वाद, वरासत, भूमि पैमाइश जैसे मामले तेजी से निपटाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि मामलों को टालने का रवैया नही चलेगा। गरीब को न्याय मिले यही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने वाराणसी में निर्माणाधीन परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर पूरा करने के निर्देश दिये। वाराणसी पहुंचने पर कल मुख्यमंत्री ने काल भैरव और बाबा विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में ग्यारह एलईडी स्क्रीन का अनावरण किया। इस स्क्रीन पर श्रद्धालुओं को मंदिर के कार्यक्रमों और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। वाराणसी दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज पिंडरा में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह और विहंगम योग संत समाज के शताब्दी समारोह में सम्मिलित होंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में रोजगार सृजन की सम्भावनायें तलाशने के लिये तीन सदस्यीय कार्यकारी समिति का गठन किया है। इसमें अपर मुख्य सचिव वित्त, प्रमुख सचिव एमएसएमई और प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन शामिल हैं। यह समिति संस्थानों के प्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर राज्य में रोजगार सृजन की एक ठोस कार्ययोजना बाइस दिसम्बर तक तैयार करेगी। मुख्यमंत्री खुद इस

कार्ययोजना की समीक्षा करेंगे। कल लखनऊ में विभिन्न विभागों के अधिकारियो और संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ रोजगार सृजन की सम्भावनाओं के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण देखने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**********

प्रदेश सरकार ने सभी विभागों, निगमों और स्थानीय प्राधिकरणों में हड़ताल पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार के किसी भी विभाग के कर्मचारी संगठन अब अगले छः माह तक हड़ताल नहीं कर सकेंगे। प्रमुख सचिव कार्मिक यम देवराज ने उत्तर प्रदेश अत्यावश्यक सेवाओ का अनुरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत हड़ताल पर रोक लगाने सम्बन्धी अधिसूचना कल जारी कर दी। गौरतलब है कि ऊर्जा निगमों में तीन जनवरी तक हड़ताल करने पर पहले से ही रोक लगी है। नये आदेश से ऊर्जा निगमों में अगले वर्ष तीन जुलाई तक हड़ताल पर रोक रहेगी।

**********

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आश्वासन दिया है कि सरकार, उत्पादन लागत का पचास प्रतिशत से अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी, तय करेगी और किसानों से उपज की खरीद भी करेगी।

***हम 50 परसेंट लागत का 50 परसेंट से ज्यादा मिनिमम सपोर्ट तय करेंगे और खरीदने का भी काम करेंगे। एमएसपी पर किसानों का उत्पाद खरीदा है और अब भी पूरा उत्पाद खरीदेंगे। उसी का एक रोड मैप कृषि में भी हमने बनाया है उसको पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।***

**********

कुशीनगर अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से नियमित उड़ान सेवा शुरू कराने की मांग को लेकर कल कुशीनगर में सांसद विजय कुमार दुबे, देवरिया के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी और राज्यसभा सदस्य कुंवर आरपीएन सिंह ने केन्द्रीय नागरिक उ्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से मुलाकात की। सांसदों के प्रतिनिधिमण्डल ने बताया कि कुशीनगर से नियमित उड़ान शुरू होने से उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार के मोतिहारी, बेतिया, गोपालगंज, सिवान और पश्चिमी चम्पारण के लोगों को भी काफी सुविधा मिल जायेगी।

**********

प्रदेश के चार जिलों मथुरा, कन्नौज, कानपुर और गोरखपुर में नये दुग्ध उत्पादन केन्द्र खोले जायेंगे। प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कल मथुरा में एक विभागीय बैठक के दौरान बताया कि मथुरा में सड़सठ करोड़ रूपये की लागत से नया दुग्ध उत्पादन केन्द्र स्थापित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा शीघ्र ही कन्नौज, कानपुर और गोरखपुर जिलों में नये केन्द्र स्थापित किये जायेंगे।

**********

भारतीय रिजर्व बैंक ने किसानों को बिना गिरवी के दिये जाने वाले लोन की सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कल बताया कि अब किसान बिना किसी गिरवी के दो लाख रूपये तक का लोन ले सकेंगे। फिलहाल यह सीमा एक लाख साठ हजार रूपये हैं। नये साल से सभी बैंकों को आरबीआई का यह निर्देश मानना होगा। इसके साथ ही स्माल फाइनेंस बैंक भी अब यूपीआई के माध्यम से लोन दे सकेंगे। स्माल फाइनेंस बैंक की पहुंच गांवों में अधिक है और अब ग्रामीणों को यूपीआई से आसानी से लोन मिल सकेगा।

**********

केन्द्र सरकार ने देश में पचासी केन्द्रीय विद्यालयों और अट्ठाइस नये नवोदय विद्यालयों को खोलने की घोषणा की है। यह सभी विद्यालय पीएमश्री स्कूलों के रूप में कार्य करेंगे। इन नये केन्द्रीय और नवोदय विद्यालयों के निर्माण में आठ हजार करोड़ रूपये से अधिक की लागत आयेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में कल हुयी कैबिनेट बैंठक में यह फैसला लिया गया। सरकार के इस निर्णय के अन्तर्गत प्रदेश के महराजगंज जिले में भी केन्द्रीय विद्यालय खोला जायेगा।

**********

गोरखपुर जिले में कल देर रात कैंट थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर बिजली घर के सामने दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में दोनों मोटरसाइकिलों पर सवार पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गये हैं। मृतकों में दो बच्चियां भी शामिल हैं, जो अपने पिता के साथ मोटरसाइकिल से जा रही थीं।

**********